जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय
नई दिल्ली-110067

हिंदी कार्यशाला की रिपोर्ट

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली में दिनांकः 23-08-2022 को एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला विश्वविद्यालय के सहायकों (Assistants) के लिए आयोजित की गई थी। कार्यशाला में दो सत्र थे। प्रथम सत्र में 30 सहायकों को नामित किया गया। इनमें से 21 कार्मिकों में भाग लिया। वहीं, दूसरे सत्र में 29 सहायकों को नामित किया गया था जिनमें से 18 कार्मिकों ने अपनी प्रतिभागिता दर्ज कराई। कार्यशाला का विषय **'सूचना प्रौद्योगिकी में राजभाषा हिंदी और उसका प्रयोग'** था।

प्रथम सत्र में विषय-विशेषज्ञ के रूप में डॉ. मोहन बहुगुणा, सहायक निदेशक (रा.भा.), केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार उपस्थित हुए। विश्वविद्यालय के राजभाषा अधिकारी ने हिंदी पुस्तक देकर विषय-विशेषज्ञ का स्वागत किया। डॉ. बहुगुणा ने अपने व्याख्यान में यूनीकोड सॉफ्टवेयर एवं विभिन्न हिंदी कुंजीपटल ले-आउट आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विभिन्न हिंदी ई-टूल्स के बारे में भी विस्तार से बताया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को ई-ऑफिस में नोटिंग लिखने तथा ईमेल हिंदी में लिखने का अभ्यास कराया। डॉ. बहुगुणा ने इस बात पर बल दिया कि कंप्यूटरों में हिंदी में काम उतनी ही सहजता एवं सरलता के साथ किया जा सकता है जितना कि अंग्रेजी में। उन्होंने बताया कि सूचना प्रौद्योगिकी हमारी मदद के लिए आगे आ रही है। इसकी सहायता से हम अपना दैनंदिन कामकाज आसानी से हिंदी में कर सकते हैं। उनका तकनीकी व्याख्यान काफी उपयोगी रहा। अंततः अतिथि वक्ता को स्मृति चिह्न भेंट कर एवं समूह फोटो लेकर प्रथम सत्र का समापन हुआ।

दुसरे सत्र में विषय-विशेषज्ञ के रूप में श्री ईश्वर सिंह यादव, उप निदेशक (राजभाषा), भारतीय मानक ब्यूरो उपस्थित हुए। विश्वविद्यालय के राजभाषा अधिकारी ने हिंदी पुस्तक देकर विषय-विशेषज्ञ का स्वागत किया। अतिथि वक्ता ने दूसरे सत्र में अपने व्याख्यान की शुरुआत में सूचना प्रौद्योगिकी और राजभाषा हिंदी के संबंध में इसकी पृष्ठभूमि एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सूचना क्रांति इतनी व्यापक और विशाल होती जा रही है कि यह आज हमारे जीवन का अभिन्न अंग हो गई है। उन्होंने अपनी पावरप्वाइंट प्रस्तुतियों के माध्यम से हिंदी यूनीकोड सॉफ्टवेयर, विभिन्न हिंदी की-बोर्ड ले-आउट, हिंदी ई-टूल्स एवं वॉइस टाइपिंग आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को ई-ऑफिस में नोटिंग लिखने तथा ईमेल हिंदी में लिखने का अभ्यास कराया। उनका व्याख्यान सभी प्रतिभागियों के लिए निश्चित रूप से लाभप्रद रहा है। कार्यशाला के अंत में सभी प्रतिभागियों ने अपने-अपने फीडबैक भी दिए। अंततः अतिथि वक्ता को स्मृति चिह्न भेंट कर एवं समूह फोटो लेकर दूसरे सत्र का समापन हुआ।

24.08.2022
सुमेर सिंह
सहायक निदेशक (रा.भा.)

प्रथम सत्र

दूसरा सत्र

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय
नई दिल्ली

हिंदी कार्यशाला का आयोजन

(दिनांक: 23 अगस्त, 2022) (प्रथम सत्र)

विषय :सूचना प्रौद्योगिकी में राजभाषा हिंदी और उसका प्रयोग

विषय-विशेषज्ञ:

डॉ. मोहन बहुगुणा
सहायक निदेशक (रा.भा.)
केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो
गृह मंत्रालय
भारत सरकार

****

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय
नई दिल्ली

हिंदी कार्यशाला का आयोजन

(दिनांक: 23 अगस्त, 2022) (दूसरा सत्र)

विषय :सूचना प्रौद्योगिकी में राजभाषा हिंदी और उसका प्रयोग

विषय-विशेषज्ञ:

श्री ईश्वर सिंह यादव
उप निदेशक (राजभाषा)
भारतीय मानक ब्यूरो
बहादुरशाह जफर मार्ग
नई दिल्ली

****